संख्या:-41/2022/93आ0-001-23-5002-002-5-2022

प्रेषक,

प्रभुनाथ,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता(परि0/नियो0),
लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-5 लखनऊ : दिनांक : 10 अगस्त, 2022

विषय: चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 में "राजभवन लखनऊ परिसर में विभिन्न निर्माण कार्य" मद के अन्तर्गत राजभवन लखनऊ के कुल 09 कार्यों हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, लो0नि0वि0, लखनऊ के अधोलिखित तालिका के स्तम्भ-2 में उल्लिखित पत्रों के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 में "राजभवन लखनऊ परिसर में विभिन्न निर्माण कार्य" मद के अन्तर्गत राजभवन लखनऊ के कुल 09 कार्यों हेतु प्राप्त कुल आगणन लागत रू0 400.91 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करते हुए उक्त के सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में स्तम्भ-4 में उल्लिखित कार्यों हेतु उसके सम्मुख स्तम्भ-6 में अंकित कुल धनराशि रू0 200.00 लाख (रू0 दो करोड़ मात्र) की वित्तीय स्वीकृति निर्गत किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :-

क्र0 सं0	मुख्य अभियन्ता(भवन), लो0नि0वि0, लखनऊ का पत्रांक व दिनांक	जनपद	कार्य का नाम	आगणन की लागत	निर्गत की जाने वाली धनराशि
				(धनराशि रू0 लाख में)	
1	2	3	4	5	6
1	902बीजीबी/109बीजीबी/राजभवन(भारित)/2021-22, दिनांक 31.12.2021	लखनऊ	राजभवन के गेट नं0-7ए के बगल में क्लब के सामने प्रदान चालक कक्ष एवं ड्राइवर रेस्ट रूम का निर्माण कार्य।	17.33	09.00
2	1164बीजीबी/109बीजीबी/राजभवन(भारित)/2021-22, दिनांक 16.03.2022	लखनऊ	राजभवन स्थित वी0आई0पी0 गैलरी के जीर्णोद्धार कार्य एवं अन्य कार्य।	39.64	20.00
3	1177बीजीबी/109बीजीबी/राजभवन(भारित)/2021-22, दिनांक 16.03.2022	लखनऊ	राजभवन स्थित प्रेस कार्यालय पोस्ट आफिस, उद्यान कार्यालय एवं स्कूल भवन की छतों पर वाटर प्रूफिंग का कार्य।	39.30	20.00
4	1178बीजीबी/109बीजीबी/राजभवन(भारित)/2021-22, दिनांक 16.03.2022	लखनऊ	राजभवन स्थित मुख्य भवन के सूट नं0-5, 6, 7 एवं सी0एस0ओ0 आफिस की छतों पर वाटर प्रूफिंग का कार्य।	36.58	18.00
5	38बीजीबी/109बीजीबी/राजभवन(भारित)/2022-23, दिनांक 19.05.2022	लखनऊ	राजभवन स्थित प्रेसीडेन्सियल सूट के बाथरूमों के जीर्णोद्धार का कार्य।	30.50	15.00
6	105बीजीबी/109बीजीबी/राजभवन(भारित)/2022-23, दिनांक 25.05.2022	लखनऊ	राजभवन स्थित ए0डी0सी0 कार्यालय एवं एल0ए0 कार्यालय को अलग-अलग सूटों में परिवर्तित करते हुए दोनों के बाथरूमों का जीर्णोद्धार, फर्नीचर व फर्निशिंग का कार्य।	42.86	21.00
7	272बीजीबी/109बीजीबी/राजभवन(भारित)/2022-23, दिनांक 22.06.2022	लखनऊ	राजभवन स्थित मुख्य सुरक्षा अधिकारी कार्यालय तथा विशेष कार्याधिकारी(आई0टी0) कार्यालय को परिवर्तित कर नवीन वी0आई0पी0 सूट नं0-8 का निर्माण,	50.86	25.00

http://shasanadesh.up.gov.in

			बाथरूम का जीर्णोद्धार, फर्नीचर व फर्निशिंग का कार्य।		
8	322बीजीबी/109बीजीबी/ राजभवन(भारित)/2022-23, दिनांक 07.07.2022	लखनऊ	राजभवन के आउटडोर म्यूजिक सिस्टम की स्थापना का कार्य।	51.19	26.00
9	360बीजीबी/109बीजीबी/ राजभवन(भारित)/2022-23, दिनांक 13.07.2022	लखनऊ	राजभवन स्थित मुख्य भवन के गलियारों में छतिग्रस्त एवं विभिन्न पैटर्न के टाइल्सों के स्थान पर ग्रेनाईट पत्थर लगाने का कार्य।	92.65	46.00
योग :-				400.91	200.00

नियम व शर्ते / प्रतिबन्धों

(1) प्रश्नगत कार्य हेतु लो0नि0वि0 चयनित कार्यदायी संस्था के रूप में कार्य करेंगी।

(2) प्रश्नगत कार्य प्रारम्भ किये जाने से पूर्व वित्तीय नियम संग्रह भाग-6 के अध्याय-12 के प्रस्तर-318 में वर्णित व्यवस्था के अनुसार प्रायोजना पर सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जायेगी तथा सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात ही कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

(3) लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्धारित विशिष्टियों एवं मानक के अनुसार गुणवत्तापूर्ण कार्य सम्पादित कराया जायेगा तथा सुनिश्चित किया जायेगा कि कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण हो जाय।

(4) प्रायोजना में मात्राओं को निर्माण के समय सुनिश्चित किये जाने का उत्तरदायित्व कार्यदायी संस्था के सक्षम अधिकारी/सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता का होगा।

(5) प्रायोजना का निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि में अवश्य पूर्ण कर लिया जाय, जिससे कास्ट रनओवर/टाइम रनओवर की स्थिति उत्पन्न न हो।

(6) स्वीकृत धनराशि एकमुश्त न आहरित कर कार्य की आवश्कतानुसार आहरित कर व्यय की जायेगी तथा आहरित धनराशि बैंक, डाकघर, डिपाजिट खातें में नहीं रखी जायेगी।

(7) स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्राविधानों एवं समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।

(8) प्रश्नगत धनराशि जिस कार्य/मद में स्वीकृत की जा रही है, उसका व्यय प्रत्येक दशा में उसी कार्य/मद में किया जायेगा।

(9) यह भी सुनिश्चित कर लिया जाय कि स्वीकृत किये जा रहे कार्य हेतु पूर्व में राज्य सरकार अथवा अन्य किसी श्रोत से धनराशि स्वीकृत नहीं की गयी है तथा न ही यह कार्य किसी अन्य योजना में सम्मिलित है।

(10) उक्त धनराशि का व्यय/उपकरणों आदि का क्रय स्टोर परचेज रूल्स एवं वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत नियमों व समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।

(11) प्रस्तावानुसार स्वीकृत कार्य हेतु आंकलित लागत में सम्मिलित लेबर सेस, मूल्य ह्रास निधि तथा जी0एस0टी0 आदि की धनराशि सुसंगत लेखाशीर्षकों में जमा की जायेगी।

(12) वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप दिनांक 07.06.2022 एवं समय-समय पर निर्गत अन्य शासनादेशों में दिये गये दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(13) लोक निर्माण विभाग में वर्तमान में प्रचलित व्यवस्थानुसार बजट का ऑनलाईन आवंटन किये जाने हेतु डी0डी0ओ0 कोड आवंटन विषयक वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1 के शासनादेश सं0-10/2022/बी-1-345/दस-2022, दिनांक 04.05.2022 निर्गत किया

http://shasanadesh.up.gov.in

गया है। अतः अब समस्त धनराशि का आहरण-वितरण सम्बन्धी कार्य, आहरण-वितरण अधिकारी द्वारा वित्तीय हस्त-पुस्तिका भाग-6 में निहित प्राविधानों एवं सम्बन्धित वित्तीय नियमों/शासनादेशों व उक्त शासनादेश दिनांक 04.05.2022 में निहित व्यवस्था के अधीन किया जायेगा।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय रूपये 2,00,00,000 (रूपये दो करोड़ मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 20222023 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या 055 लेखाशीर्षक 4059800512000 राजभवन, लखनऊ परिसर में विभिन्न निर्माण कार्य मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश कम्प्यूटर द्वारा उत्पन्न संख्या E-8-60-X-2022-23-दिनांकः 5-8-2022 में प्राप्त वित्त विभाग की सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,
प्रभुनाथ
विशेष सचिव।

संख्या-41/2022/93आ0(1)001-23-5002-002-5-2022, तद् दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1- महालेखाकार(लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
2- महालेखाकार(लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
3- अपर मुख्य सचिव, श्री राज्यपाल सचिवालय, उ0प्र0।
4- निजी सचिव, मा0 मंत्री जी, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0।
5- नोडल अधिकारी, बजट, लो0नि0वि0, उ0प्र0 शासन।
6- जिलाधिकारी, लखनऊ।
7- निदेशक, कोषागार, उ0प्र0 लखनऊ।
8- वित्त नियंत्रक, कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, लो0नि0वि0, उ0प्र0 लखनऊ।
9- मुख्य अभियन्ता(भवन)/(वि0/यॉ0), लो0नि0वि0, लखनऊ।
10- अधीक्षण अभियन्ता, 39वां वृत्त लो0नि0वि0, लखनऊ।
11- अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड-1(सि0), लो0नि0वि0, लखनऊ।
12- कार्य अधीक्षक, अ0वि0नि0इ0(वि0) अनु0, लो0नि0वि0, लखनऊ।
13- वित्त(व्यय नियंत्रक) अनुभाग-8/लो0नि0अनु0-10
14- श्रम अनु0-2/गार्ड बुक।

आज्ञा से,
नीरजा सक्सेना
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in